राजस्थान सरकार

# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग

क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
**e-mail : dstjodhpur@gmail.com**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

## खुली निविदा सूचना टी–02/2024–25

उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग राजस्थान सरकार, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर, गौरव पथ, जोधपुर हेतु विभिन्न सेवाओं के वित्तिय वर्ष 2024–25 (31 मार्च 2025) की समाप्ति तक अनुबंध हेतु मोहरबन्द लिफाफों में तकनीकी एवं वित्तीय निविदायें (द्विस्तरीय निविदा सिस्टम) निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | सेवा का विवरण | अनुमानित लागत लाखों में रूपये | बयाना राशि रूपये में | निविदा प्रपत्र शुल्क (अप्रतिदेय) रूपये | निविदा जमा / प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक व समय (दोपहर 12.00 बजे तक) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बागवानी सेवा | **3.90** | **7800** | **200/–** | **27.06.2024** |
| 2. √ | सफाई सेवा | **3.70** | **7400** | **200/–** | **27.06.2024** |
| 3. | सुरक्षा सेवा | **7.35** | **14700** | **200/–** | **27.06.2024** |
| 4. | तकनीकी रखरखाव सेवा | **3.90** | **7800** | **200/–** | **27.06.2024** |
| 5. | संचालन, प्रदर्शन एवं गतिविधि आयोजन सेवा | **7.80** | **15600** | **200/–** | **27.06.2024** |

निविदा प्रपत्र एंव शर्ते इस विभाग की रोकड़ शाखा से निर्धारित निविदा प्रपत्र शुल्क नकद (डाक द्वारा मंगवाने पर रु 50/– अतिरिक्त) जमा कराकर या **परियोजना अधिकारी**, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय जोधपुर के नाम डिमाण्ड ड्राफ्ट या बैंकर चैक के साथ दिनांक **27.06.2024** तक भिजवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। भरी हुई निविदाएं उपरोक्तानुसार दोपहर **12.00** बजे तक स्वीकार की जाकर उसी दिवस **27.06.2024** को दोपहर **01.00** बजे विभाग के उपरोक्त पते पर उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जावेगी। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट *www.dst.rajasthan.gov.in/SPPP Portal* पर देखा एवं डाउनलोड कर मय निर्धारित शुल्क के विभाग में जमा करवाया जा सकता है।

संलग्न :– संबंधित निविदा प्रपत्र।

**परियोजना अधिकारी**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय ,जोधपुर

राजस्थान सरकार
# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
**e-mail : dstjodhpur@gmail.com**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

मूल्य 200.00

# निविदा–प्रपत्र

**सेवा का नामः सफाई सेवा मय सामग्री**

## महत्वपूर्ण दिनांक एवं प्रसंग

| | |
|---|---|
| निविदा संख्या **टी–02/2024–25** | **क्रमांकः NIT No. F40 (3)/DST/ RO/JU/ SRSC/ 2024/192 Dated:- 19.06.2024** |
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि एवं समय | **दिनांक 27.06.2024 समय दोपहर 12.00 बजे तक** |
| निविदा खोले जाने की तिथि एंव समय | **दिनांक 27.06.2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक** |
| निविदा फार्म सामने अंकित विभाग की वैब साईट से भी डाउनलोड की जा सकती है। | www.dst.rajasthan.gov.in |
| निविदा की वैधता अवधि | 3 months from the date of opening of Bid |

**Place of Depositing the Bid:**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर राजस्थान

| | |
|---|---|
| Name of the Company / Firm: | |
| Name of Contact Person: | |
| Address of Company/ Firm for Correspondence: | |
| Office Telephone No.: | |
| Office Fax No. | |
| Office E-Mail Address: | |

**जहाँ सेवासम्पादित किया जाना है, का पताः–**
उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, नगर निगम के सामने, राजकीय पालीटैक्नीक कॉलेज परिसर, जोधपुर –342001, दूरभाष नम्बर 0291–2622628

**जहाँ निविदा प्रपत्र प्राप्त किया व जमा कराया जाना हैः–**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर राजस्थान

फोन 0291–2785301, फैक्स 0291–2785531 (PP)

राजस्थान सरकार
# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192 Dated- 19-06-2024

## विषय–सूची



| क्र.स. | विवरण | अध्याय |
|---|---|---|
| 1. | निविदा आमंत्रण | अध्याय 1 |
| 2. | निविदा सूचना | अध्याय 2 |
| 3. | सेवाविवरण | अध्याय 3 |
| 4. | पात्रता के मानदंड (Eligibility Criteria) | अध्याय 4 |
| 5. | बयाना राशि (Earnest Money Deposit) | अध्याय 5 |
| 6. | निविदा की विधि | अध्याय 6 |
| 7. | अपात्रता | अध्याय 7 |
| 8. | निविदा का मूल्याकंन | अध्याय 8 |
| 9. | प्रतिभूति राशि एवं निर्णित हर्जाना (Security Deposit and Liquidated Damages) | अध्याय 9 |
| 10. | सामान्य नियम ,शर्ते एवं भुगतान विधि | अध्याय 10 |
| 11. | निविदा प्रपत्र (Bid Form) / तकनीकी निविदा | अध्याय 11 |
| 12. | **वित्तीय निविदा** | अध्याय 12 |
| अनुलग्नक (Annexures):– | | |
| *i.* | *सेवा के अनुभव का विवरण* | ***Annexure** 1* |
| *ii.* | *शपथ पत्र (फर्म के लेटर हेड पर)* | ***Annexure** 2* |
| *iii.* | *चेक लिस्ट* | ***Annexure** 3* |

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
**e-mail : dstjodhpur@gmail.com**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

# अध्याय–1
# निविदा आमंत्रण

राजस्थान सरकार का विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर योग्य फर्मों से विभाग के उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर,गौरव पथ, जोधपुर **में सफाई की सेवा मय सामग्री के वित्तियवर्ष 2024–25 की समाप्ति (31 मार्च 2025) तक अनुबन्ध हेतु निविदाएं** आमंत्रित करता है।

1. निविदा विहित निविदा प्रपत्र में प्रस्तुत करनी होगी।

2. निविदा सूचना राज्य सरकार के नियमों के अनुसार समाचार पत्रों में जारी करने के साथ(SPPP) राजस्थान सरकार एवं विभाग की अधिकृत वेबसाइट www.dst.rajasthan.gov.in पर प्रकाशित कर दी है।

3. निविदा प्रपत्र कार्यालय समय में कार्यालयाध्यक्ष के अनुभाग में उपलब्ध होने के साथ साथ उक्त वेबसाइट पर भी उपलब्ध है जो कि इच्छुक फर्मों द्वारा डाउनलोड किया जा सकता है।

4. निविदादाता से अपेक्षित है कि वह निविदा जमा करवाने से पूर्व सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र का भली–भांति अध्ययन कर ले तथा उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राजकीय पालीटेक्निक कॉलेज परिसर,गौरव पथ,***जोधपुर परिसर में सम्बन्धित सेवा*** का अध्ययन एवं निरीक्षण कर लें। इस सम्बन्ध में किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण हेतु निविदा सूचना में अंकित दिनांक तक कार्यालय समय में कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है। तथापि यह विभाग किसी प्रकार के लिखित स्पष्टीकरण हेतु बाध्य नहीं है।

5. निविदादाता, पूर्ण रूप से भरी हुई निविदा मय समस्त वांछित प्रपत्रों/संलग्नकों के, निविदा प्रस्तुत करने हेतु निर्धारित अंतिम तिथि एवं समय में, निविदा सूचना में अंकित स्थान पर जमा करवाना सुनिष्चित करवायेगा। निर्धारित समय के पश्चात प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जाएगा।

6. निविदादाता द्वारा निविदा के साथ अथवा **उससे पूर्व निविदा शुल्क एवं बयाना राशि विहित रूप में जमा करानी अनिवार्य है जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी (निविदा शुल्क एवं बयाना राशि के डीडी/ बैंकर्स चैक अलग–अलग प्रस्तुत करें** एवं चैक/डीडी के पृष्ठ भाग पर पैंसिल से अपनी फर्म का नाम एवं निविदा (सेवा) का नाम, संख्या अंकित करें) तथापि, यदि निविदादाता किसी प्रकार की नियमानुसार छूट चाहता है तो उसे निविदा मे उसका उल्लेख करते हुए सम्बन्धित प्रपत्रों की स्व–सत्यापित प्रतियां संलग्न की जानी चाहिए अन्यथा उक्त निविदा को छूट के योग्य नहीं समझा जायेगा।

7. विभाग द्वारा समय पर प्राप्त निविदाओं को, निविदा सूचना में दर्शाये गए समय एवं दिनांक को समिति तथा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोला जायेगा। सर्वप्रथम तकनीकी निविदाएं खोली जायेंगी तथा तकनीकी मूल्यांकन के पश्चात तकनीकी रूप से सफल निविदादाताओं की वित्तीय निविदायें सम्बन्धित फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेंगी जिसका दिनांक, समय व स्थान निविदादाताओं को सूचित कर दिया जाएगा।

8. निविदादाता द्वारा निविदा निर्धारित प्रारूप मय अनुलग्नकों के तथा प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर कर व मोहर लगाकर प्रस्तुत करेगा।
9. इस विभाग को किसी भी निविदा को, पूर्ण अथवा भाग को, स्वीकार अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। अस्वीकृत/निरस्त निविदाओं के निविदादाताओं से कोई विचार विमर्श नही किया जायेगा।
10. निविदा प्रपत्र में बतायी गयी शर्तों के अतिरिक्त निविदादाता की कोई भी अन्य शर्त स्वीकार नही की जायेगी। सशर्त निविदा स्वीकृत नहीं होगी।
11. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार निविदा प्रपत्र आदि उचित रूप से मुहरबंद लिफाफे में बंद करना चाहिये।
12. निविदा प्रपत्र स्याही से भरे जायेंगे। निविदादाता निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर हस्ताक्षर करेगा तथा अंत में निविदा की समस्त शर्तो को स्वीकार करने के प्रमाण में हस्ताक्षर करेगा।
13. **दरें शब्दों एवं अंकों दोंनो में लिखी जायेगी इसमें कोई त्रुटि या उपरिलेखन (कटिंग्स एवं ओवरराईटिन्स) नहीं होनी चाहिये। यदि कोई शुद्धियां करनी हो तो स्पष्ट रूप से की जानी चाहिये एवं निविदादाता उस स्थान पर हस्ताक्षर करेगा।**
14. निविदायें उनके खोले जाने की दिनांक से तीन माह की अवधि के लिये विधि मान्य होगी।
15. यदि इन शर्तो के किसी भाग, निविदा के स्पेसिफिकेशन के आशय के बारे में कोई संदेह हो तो वह संविदा पर हस्ताक्षर करने से पूर्व उसे विभाग के सक्षम अधिकारी से उसका स्पष्टीकरण प्राप्त करना होगा।
16. निविदा के साथ निर्धारित बयाना राशि प्रस्तुत की जायेगी। इसके बिना निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा । यह राशि नकद (20,000 से कम की राशि) अथवा बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चैक जो "Project Officer, Department of Science & Technology, Regional Office, Jodhpur" अथवा "परियोजना अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर" के नाम होगा, के द्वारा जमा करायी जायेगी। सफल निविदादाता को आदेश प्राप्त होने के **08 दिवस** की अवधि के भीतर रू. **500**/— के नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पर अनुबंध पत्र निष्पादित करना होगा और सेवाादेश की राशि के **05 (पांच)** प्रतिशत के बराबर प्रतिभूति जमा करानी होगी।
17. श्रम विभाग द्वारा निर्धारित न्युनतम दर से भी कम दरों वाली निविदा को स्वीकार्य नही किया जायेगा । बिना कोई कारण बतलाये किसी भी निविदा को रद्व करने या निविदा स्वीकार करने का अधिकार विभाग के पास आरक्षित रहेगा। उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर,गौरव पथ,जोधपुर स्थित निविदत्त सेवा को निविदादाता देख लेवे एवं सेवा की प्रकृति को समझ लेवे।
18. अन्य बिन्दु जो विधिवत हों ।

**परियोजना अधिकारी**
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
**e-mail : dstjodhpur@gmail.com**

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

# अध्याय–2

## निविदा सूचना

विज्ञान एंव प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार के उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर,गौरव पथ,जोधपुर **में सफाई सेवा मय सामग्री के वित्तियवर्ष 2024–25 की समाप्ति (31 मार्च 2025) तक अनुबन्ध हेतु** तकनीकी एवं वित्तीय निविदाएं (द्विस्तरीय निविदा सिस्टम) अलग–अलग मोहर बन्द लिफाफों में आमंत्रित करता है। निविदा का विवरण निम्नानुसार है:–

| **सेवा** | **उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र,जोधपुर में सफाई सेवा मय सामग्री के** |
|---|---|
| निविदा शुल्क | 200/– |
| अनुमानित लागत | 3.70 लाख |
| बयाना राशि | 7400/– |
| निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि व समय | **दिनांक 27.06.2024 समय दोपहर 12.00 बजे तक** |
| निविदा खोले जाने की तिथि व समय | **दिनांक 27.06.2024 समय दोपहर 01.00 बजे तक** |
| निविदा प्रपत्र सामने दर्शायी वैबसाईट से भी डाउनलोड की जा सकती है | www.dst.rajasthan.gov.in |

राजस्थान सरकार
# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

## अध्याय 3
## सेवा विवरण

विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, राजस्थान सरकार के उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, राजकीय पॉलीटेक्निक कॉलेज परिसर,गौरव पथ,जोधपुर में अनुबन्ध पर मुख्य भवन एवं परिसर में सफाई का सेवामय सामग्री

- अनुबन्ध वित्तिय वर्ष 2024–25 (31 मार्च 2025) की समाप्ति तक किया जावेगा तथा सन्तोषप्रद पाया गया तो **उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, जोधपुर में सेवा कराने का** ठेका/अनुबन्ध पूर्व की दरों शर्तो पर पारस्परिक सहमति से नियमानुसार बढाया जा सकता है।

3.1 **भाग—अ** उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, जोधपुर में अनुबन्ध पर मुख्य भवन एवं परिसर का सफाई सेवा।

### 1) उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र परिसर –

परिसर के निम्न सेवाबिन्दुओं पर सेवा प्रदाता द्वारा कार्यालय समय में सफाई व्यवस्था हेतु निम्न प्रकार का सेवा–

| क्र.सं. | विवरण | सेवाबिन्दु मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | भू– तल जिसमें समस्त कार्यालय, कमरें टॉयलेट्स, मैन कोरिडोर, वर्कशॉप, कॉन्फ्रेन्स रूम ओडिटोरियम इत्यादि स्थित है का पूर्ण सफाई सेवा। | 01 |
| 2 | प्रथम तल जिसमें दो गैलरी, एक्टीविटी हॉल एवं मैन कोरिडोर आदि समस्त कमरे एवं मुख्य भवन की सम्पुर्ण छत एवं छत पर स्थित पैनल रूम इत्यादी। | 02 |
| 3 | भवन के चारों तरफ का पाथ–वे, परिसर का लॉन, पोर्च, पार्किंग, मुख्य भवन के अन्दर व बाहर का हिस्सा एवं मुख्य भवन आगे व पीछे का समस्त हिस्सा/मैदान इत्यादी। | 02 |
| | कुल निष्पादक बिन्दु ( पांच ) | 05 |

ठेकेदार/निविदादाता को प्रतिदिन उचित संख्या में सेवा निष्पादक लगााते हुए यह सुनिश्चित करना होगा कि सफाई का सेवा प्रतिदिन सम्पादित किया जाना होगा। इस हेतु उपरोक्तानुसार सेवाबिन्दुओं पर न्यूनतम 05 सेवानिष्पादक निर्धारित वर्दी में एवं अधिकृत पहचान पत्र के साथ प्रत्येक सेवादिवस में उपलब्ध रखने होंगे। ठेकेदार/निविदादाता द्वारा सेवानिष्पादन हेतु अनुभवी व सम्बन्धित सेवा में सेवा में अनुभवी सेवा निष्पादको के माध्यम से ही सेवा प्रदान करनी होगी।

### 3.2 सेवा का विस्तृत विवरणः–

3.2.1 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा यह सुनिश्चित किया जावे कि उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र व उद्यान परिसर में छत, दीवार, कॉच, तस्वीर व किसी भी वस्तु की सतह इत्यादि पर

धूल/निशान/धब्बे/जाले दिखाई नहीं देने चाहिए। इसके लिए निविदाकर्ता को उपयुक्त सफाई साम्रगी से साफ करना होगा।

3.2.2 ठेकेदार/निविदादाता को प्रतिदिन उचित संख्या में सेवाबिन्दु लगााते हुए यह सुनिश्चित करना होगा । संचालन के समय से पूर्व सफाई की जानी आवश्यक होगी।

3.2.3 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा सेवाबिन्दु सुपरवाईजर को लगाना होगा जो कि सम्पूर्ण सफाई व्यवस्था की निगरानी करेगा तथा इस सुपरवाईजर का नाम व फोन न. विभाग को उपलब्ध कराने होगें। सुपरवाईजर को सेवास्थल पर ही उपस्थित रहना होगा।

3.2.4 सफाई कार्यों में फर्श की सफाई एवं पोछा शामिल है। सफाई कार्यों में फिनाईल, साबुन के पानी का घोल इत्यादी अन्य साम्रगी जो सफाई सेवा में उपयोग आती हो उपयोग में लाना होगा। सफाई सेवाके पश्चात् प्रत्येक कक्ष एवं कोरीडोर में रुम फ्रेशनर छिडकवाने की व्यवस्था करनी होगी।

3.2.5 कार्यालय में सफाई सेवा करने वाला सेवा में अनुभवी/योग्य होना अनिवार्य है। साथ ही कमरों की सफाई व्यवस्था वैक्यूम क्लीनर द्वारा एक सप्ताह में कम से कम तीन बार रूटीन सफाई के अलावा करवाई जानी हैं सफाई झाडू या वैक्यूम क्लीनर द्वारा करने के पश्चात् फिनाईल डाल कर उस क्षेत्र को रोजाना पोंचा लगाना एवं कमरें में रखे फर्नीचर को डस्टर से अच्छी तरह से साफ करने का दायित्व सफाईकर्मी का रहेगा। निविदाकर्ता द्वारा रखे गये सुपरवाईजर उपरोक्त सफाई सेवा को समय पर करवाने के अलावा यह भी सुनिश्चित करेगें कि सफाई व्यवस्था धूल रहित पूर्ण हो रही है।

3.2.6 वैक्यूम क्लीनर द्वारा अधिकारियों के कमरों के अलावा अन्य कमरों मे कारपेट/सोफा सैट/परदें आदि की सफाई प्रत्येक एक सप्ताह में एक बार एवं गर्मीयों में दो बार एवं धूल भरी आंधियों के आने पर उसी दिन आवश्यक रूप से करनी होगी।

3.2.7 सफाई उपकरणों, मशीन आदि को सेवा करने के बाद सुरक्षित व सही स्थान पर रखेगें जिससे दर्शकों को असुविधा न हो ।

3.2.8 शौचालयों की धूलाई साबुन के पानी एवं फिनाईल के उपयोग से करना होगा। शोचालयों में फिनाईल की गोलियों का प्रयोग एवं समय–समय पर तेजाब अथवा केमिकल से सफाई तथा सफाई सम्बन्धि पाउडर का प्रयोग भी करना होगा। समस्त शोचालयों में प्रतिदिन साफ नेपकीन, साबुन, फिनाईल की गोलियां निर्धारित स्थान पर हमेशा उपलब्ध होनी चाहिए।

3.2.9 उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र व उद्यान परिसर की गटर लाईन में सप्ताह में एक बार लाईन में पानी एवं संबंधित क्लिीनर चलाकर साफ करना होगा तथा इस बात का ध्यान रखा जावें कि पानी नहीं जमा होने पाएं और न ही गटर लाइन ऑवरफ्लो हो जिसकी जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।

3.2.10 उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र व उद्यान परिसर की सफाई करने के पश्चात् कचरें को भवन परिसर के बाहर जोधपुर नगर निगम द्वारा निर्धारित स्थान पर डालने की व्यवस्था करनी होगी इसके अतिरिक्त दूसरी जगह कचरें को डालने की अनुमति नहीं होगी।

परियोजना अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

3.2.11 ठेकेदारों/निविदादाताओं को विशेष आयोजनों/अन्यथा आवश्यकता पड़ने पर विशेष सफाई का सेवाभी करना होगा। विशेष सफाई सेवासामान्य कार्यालय समय/दिवस के अलावा भी करवाया जा सकेगा जिसकी सूचना यथा समय पूर्व में अधिकृत अधिकारी द्वारा ठेकेदार/निविदादाता को दी जावेगी। इस प्रकार की सफाई व्यवस्था की पूर्ण जिम्मेदारी ठेकेदार/निविदादाता की होगी तथा कोई अतिरिक्त भुगतान नहीं किया जावेगा।

3.2.12 इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अधिकृत अधिकारी द्वारा बतायें गये समस्त कार्यों को पूरा करना होगा एवं आवश्यकता होने पर अतिरिक्त सफाई करने वाले सेवाबिन्दु उपलब्ध कराने होगें।

3.2.13 ठेकेदारों/निविदादाताओं को सफाई सम्बन्धित निम्न साम्रगी की उपयुक्त मात्रा में व्यवस्था स्वयं को करनी होगी जिसका कोई भी भुगतान इस विभाग द्वारा नहीं किया जायेगा, सफाई सामग्री की दर निविदा दर में शामिल होगीः–

| | |
|---|---|
| 1. | फिनाईल,मिट्टी का तेल ,फिनिट स्प्रे,रुम स्प्रे |
| 2. | टॉयलेट साबुन |
| 3. | फिनाईल की गोलियां सभी टॉयलेट्स में एवं आवश्कतानुसार |
| 4. | वाशिंग पाऊडर |
| 5. | पोंचे, झाडू, सूती कपड़ा |
| 6. | सफाई सेवाहेतु ग्लब्स |
| 7. | हार्पिक या समकक्ष, एसिड, टॉयलेट क्लीनर आदि |
| 8. | ओडोनिल या समकक्ष कोलीन आदि क्लीनिंग स्प्रे |
| 9. | डस्टर ब्रुश, जाले साफ करने का ब्रश मय हैण्डल |
| 10. | अन्य साम्रगी जो आवश्यकतानुसार सफाई सेवामें उपयोग आती हो |

3.2.14 ठेकेदार/निविदादाता द्वारा सफाई सेवा आवश्यक उपकरण/मशीनें/ संसाधनों द्वारा किया जावेगा। सफाई सेवाके उपयोग में लिये जाने वाले उपकरण/मशीन/संसाधन/ठेकेदार/निविदादाता के स्वयं के होगें :–

3.2.15 नियमित किये जाने वाले सफाई संबंधित सेवा**:** विवरण :– ( 'अ' एवं 'ब')

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

| क्र. | स्थान | विवरण | आवृत्ति |
|---|---|---|---|
| **अ.** | **उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भवन** | | |
| 1. | उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भवन के प्रत्येक तल पर स्थित समस्त कक्ष | मेज, कुर्सी, दरवाजे, एवं फर्श इत्यादि का सफाई सेवा | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| | | पर्दे / ब्लाइंड्स, छत के कोने, पंखे एवं दरवाजे एवं खिड़कियों मे लगे कांच इत्यादि की सफाई सेवा | साप्ताहिक एवं आवश्यकतानुसार |
| 2. | उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भवन स्थित समस्त कारीडोर एवं इनडोर गेलरी हाल्स | फर्श का सफाई सेवा | दिन में तीन बार एवं आवश्यकतानुसार |
| | | छत (भीतर से), दीवार, तस्वीरें, दरवाजे, इत्यादि | प्रति दिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 3. | उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भवन में स्थित समस्त टायलैट्स | सम्पूर्ण क्षेत्र | दिन में तीन बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 4. | कान्फ्रेंस रुम, थियेटर, तारामण्डल कक्ष, लाईब्रेरी, कम्प्यूटर रूम, इत्यादि | फर्श, छत (भीतर से), मेज कुर्सी एवं, दरवाजे, खिडकिया, रैक्स मानीटर / टी.वी., काँच की दीवार, इत्यादि | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 5. | उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र भवन भवन की छत | छत का फर्श, नाली, ड्रेन पाइप इत्यादि | माह में एक बार एवं आवश्यकतानुसार |
| 6. | उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र स्थित ऑडिटोरियम | कुर्सी, फर्नीचर, स्टेज, दीवारें, कारपेट आदि की सफाई | प्रतिदिन एक बार एवं आवश्यकतानुसार |
| **ब.** | **उद्यान परिसर (केन्द्र के मुख्य भवन के आगे व पीछे का सम्पूर्ण परिसर)** | | |
| 1. | समस्त लॉन में कचरा एवं पत्ते उठाने का सेवा | सूखे पत्ते, सूखी घास, दर्शकों द्वारा फेंके गये अन्य डिस्पोजेबल आईटम्स एवं अन्य गंदगी या कचरा जो लॉन में तथा पाथ वे मे पड़ा हुआ हो | प्रतिदिन प्रातः एवं आवश्यकतानुसार |
| 2. | केन्द्र के परिसर में स्थित पानी का होद एवं पानी की टंकी आदि | नियमित सफाई सेवा। | आवश्यकतानुसार |

राजस्थान सरकार
# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

# अध्याय 4

## पात्रता के मानदण्ड (Eligibility Criteria)

**उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, जोधपुर में साफ सफाई मय सामग्री सेवा के वित्तियवर्ष 2024–25 की समाप्ति (31 मार्च 2025) तक अनुबन्ध हेतु**

*निविदादाता को इन निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढना चाहिये एवं अपनी निविदायें भेजते समय इनकी पूर्णरूपेण पालना करनी चाहिये।*

**(ए) निविदादाता की पात्रता (Eligibility Criteria) जो अनिवार्य है एवं जिनके अभाव में निविदा निरस्त मानी जावेगी।**

1. निविदा फर्म के निदेशको/प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के द्वारा भरी जाने की अवस्था में उस व्यक्ति को निविदा भरने हेतु फर्म के निदेशको/ प्रोपराइटरों/साझेदारों/मालिक/कम्पनी सचिव के द्वारा अधिकृत किया जाने वाले दस्तावेज की प्रति प्रस्तुत करनी होगी जो फर्म के निदेशक/ प्रोपराइटरों/ साझेदारों/ मालिक/ कम्पनी सचिव के द्वारा सत्यापित होनी चाहिये।

2. निविदादाताओ को निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित निविदा मूल्य आवष्यक रूप से जमा करवाया जाना है जिसके बिना निविदा निरस्त समझी जायेगी। इसके प्रमाण के रूप में नकद जमा रसीद अथवा निर्धारित मूल्य का डीडी/ बैंकर चैक जो कि "Project Officer, Department of Science & Technology, Regional Office, Jodhpur" अथवा "परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर" के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ प्रपत्र में विवरण अंकित करते हुए संलग्न करना होगा। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप निविदा मूल्य में छूट पाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवष्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होंगे जिनके बिना उसे छूट का पात्र नही समझा जायेगा।

**बयाना राशि** (Earnest Money):–

3. तकनीकी बिड के साथ ठेकेदारों/निविदादाता द्वारा निविदा में अभिलिखित किए गए अनुमानित मूल्य का **दो प्रतिशत बयाना** राशि निविदा के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। ठेकेदारों/निविदादाताओं को बयाना राशि सम्बधिंत अध्याय/ निविदा सूचना में दिये गये विवरण के अनुसार आवष्यक रूप से निविदा जमा करवाने के समय– बयाना राशि (**EARNEST MONEY**), के रूप में नकद की रसीद की प्रति ( 20,000/– से कम की राशि होने की स्थिति में ) अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभुति निक्षेप जो "Project Officer Department of Science & Technology, Regional Office, Jodhpur" अथवा " परियोजना अधिकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर" के नाम हो, तकनीकी निविदा के साथ जमा करवानी है। बयाना राशि के अभाव में निविदा निरस्त समझी जायेगी। तथापि कोई निविदादाता निविदा शर्तो के अनुरूप बयाना राशि में छूट पाया जाना चाहता है तो उसे निविदा में इसका उल्लेख करते हुए समस्त आवष्यक प्रपत्र निविदा के साथ संलग्न करने होगे जिनके बिना उसे छूट का पत्र नही समझा जायेगा।

**5 पंजीकरण :–**

राजस्थान सरकार
# विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

बोलीदाता/संवेदक द्वारा विभिन्न पंजिकरण इत्यादी का विवरण निम्नानुसार किया जायेगा ।

| क्र.स | विवरण | रजि.स. | वर्ष | पंजीकरण दिनांक | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजस्थान अनुंबधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन अधिनियम,1970) | | | | |
| 2 | कर्मचारी भविष्य अधिनियम,1952 | | | | |
| 3 | कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम,1948 | | | | |
| 4 | वस्तु एवं सेवा कर (GST) | | | | |
| 5 | आय कर (पैन नम्बर) | | | | |
| 6 | राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यक संस्थान अधिनियम,1958 या<br>इण्डियन पार्टपरशिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या<br>इण्डियन कम्पनी एक्ट 1956 के अन्तर्गत | | | | |

**कार्यानुभवः –**

1. निविदादाता को किसी भी निविदत्त सेवायथा **सफाई की सेवा मय सामग्री हेतु** सेवों प्रदान में सेवा करने या तत्सम्बन्धी सेवा प्रदान करने का **न्यूनतम तीन वर्ष** का अनुभव हो जिसमें अनुभव के प्रमाण के तौर पर सेवापूर्णता प्रमाण पत्र/ कार्यादेश की प्रति, भुगतान प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित प्रतियाँ निविदा के साथ संलग्न करनी होगी। इसका विवरण इस निविदा प्रपत्र के Annexure 01 में बढ़ती हुई तिथि वार अंकित किया जाना आवश्यक है।

**वित्तीय स्थितिः–**

2. निविदादाता का गत तीन वित्तीय वर्षों का औसत टर्नओवर **न्यूनतम पांच लाख** प्रतिवर्ष (औसतन) होना आवश्यक है। इसके प्रमाण के रूप में निविदादाता फर्म की गत तीन वित्तीय वर्ष (2020–21, 2021–22, 2022–23) की चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) से प्रमाणित बैलेन्सशीट/ऑडिट रिपोर्ट की प्रति तकनीकी निविदा के साथ संलग्न कर प्रस्तुत करनी होगी।
3. निविदादाता के विभिन्न टैक्स जैसे GST आयकर,व अन्य राज्य/केन्द्र सरकार को देयकर 31 मार्च 2023 तक बकाया नही होने चाहिए।
4. निविदादाता द्वारा अपने लैटर हैड पर निर्धारित प्रारूप **(Annexure-02)** में शपथ पत्र (undertaking) में प्रदान करेगा जिसमें वह स्पष्ट रूप से निविदा के साथ लगाये गये प्रपत्रों/दस्तावेजों के सत्य होने को उल्लेखित करेगा व प्रमाणित करेगा कि निविदादाता फर्म केन्द्र/राज्य सरकार अथवा किसी भी सरकारी उपक्रम द्वारा ब्लेक लिस्टेड नही किया गया है।
5. उक्त पात्रता पूरी करने वाले योग्य निविदादाता ही तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में सफल माने जावेगें तथा उन्ही की वित्तीय बिड खोली जावेगी। तकनीकी बिड (प्रि–क्वालीफिकेशन) में योग्य नहीं पाये जाने वाले निविदादाताओं की वित्तीय बिड नहीं खोली जावेगी।

राजस्थान सरकार
**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

# अध्याय 5

# बयाना राशि (Earnest Money Deposit)

**निविदाता द्वारा तकनीकी निविदा के साथ बयाना राशि निम्न शर्तो के अंतर्गत जमा करवाया जाना अपेक्षित हैः**

1. ठेकेदारों/निविदादाता द्वारा निविदा में अभिलिखित किए गए अनुमानित मूल्य का **दो प्रतिशत बयाना** राशि निविदा के साथ जमा कराया जाना अनिवार्य होगा। बिना बयाना राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा।
2. बयाना राशि केवल नकद (20,000/– से कम की राशि होने की स्थिति में)/डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक के रूप में स्वीकार की जाएगी। डिमांड ड्राफ्ट तथा बैकर्स चैक किसी भी शिड्यूल्ड बैंक का "Project Officer, Department of Science – Technology, Regional Office, Jodhpur" अथवा "परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर" के नाम जोधपुर में देय होगा। बयाना राशि एवं निविदा शुल्क अलग अलग जमा करवाए जाने होंगे । अलग अलग निविदा हेतु अलग अलग बयाना राशी के **डिमांड ड्राफ्ट/बैकर्स चैक** जमा करवाने है ।
3. वित्तीय निविदा खुलने के दिनांक से तीन माह तक वैध होगी।
4. असफल निविदादाताओं की बयाना राशि का प्रतिदाय निविदा के अतिंम रूप से स्वीकार करने के बाद शीघ्रता से किया जायेगा।
5. सफल निविदादाता की बयाना राशि प्रतिभूति निक्षेप (Security Deposit) में समायोजित की जाएगी तथा शेष प्रतिभूति राशि, करार के निष्पादन के समय ली जाएगी। यदि सफल निविदादाता द्वारा पृथक से पूर्ण प्रतिभूति राशि जमा करा दी गयी है तो जमा करायी बयाना राशि लौटा दी जावेगी।
6. बयाना राशि का समपहरण (Forfieture of EMD):– निम्नलिखित मामलों में में बयाना राशि को समपहृत कर लिया जाएगाः–
   I. जब निविदादाता निविदा को खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार किए जाने से पूर्व अपने प्रस्ताव को वापस ले लेता है या उसमें उपान्तरण करता है,
   II. यदि वह विनिर्दिष्ट समय के भीतर करार, यदि कोई हो का निष्पादन नहीं करता है,
   III. जब वह विहित समय के भीतर कार्यादेश के अनुसार सेवा प्रारम्भ करने में असफल रहता है,
   IV. जब निविदादाता कार्यादेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।जमा कराई गई बयाना राशि को समपहृत करने से पूर्व युक्तियुक्त समय देते हुए निविदादाता को नोटिस दिया जाएगा।

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

# अध्याय 6
## निविदा की विधि

6 यह निविदा द्वि—स्तरीय निविदा सिस्टम आधारित है जिसमें प्रथम स्तर तकनीकी निविदा है तथा द्वितीय स्तर वित्तीय निविदा है। निविदा की विधि निम्नानुसार हैः—

6.1 निविदा टाइप की हुई अथवा अमिट स्याही से भरी होनी चाहिये।

6.2 निविदा एवं संलग्न प्रपत्र हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में होने चाहिये। अन्य भाषा में प्राप्त निविदा अथवा प्रपत्रों/दस्तावेजों को विचार हेतु अयोग्य माना जायेगा।

6.3 निविदा दाता निविदा प्राप्त करने ,भरने विभाग के समक्ष प्रस्तुत करने तथा स्पष्टीकरण ,यदि कोई हो ,प्रस्तुत करने के दौरान होने वाले समस्त खर्च स्वयं वहन करेगा। इस हेतु विभाग द्वारा कोई भी राशि देय नही होगी।

6.4 निविदादाता से यह अपेक्षित है कि उसे साइट (जहाँ कि सेवाकिया जाना है), निविदा की शर्तो एवं अन्य समस्त स्थानीय कानूनों एवं परिस्थितियों का पूर्ण ज्ञान होगा। ऐसा न होने पर होने वाले नुकसान और/अथवा अन्य प्रभाव के लिये निविदादाता स्वयं जिम्मेदार होगा था विभाग किसी प्रकार के दखल /क्षतिपूर्ति के लिये उत्तरदायी नही होगा।

6.5 निविदा प्रस्तुत किये जाने की आखिरी दिनांक के पश्चात् तीन माह की अवधि तक वैध होनी चाहिये। उक्त अवधि से अल्प वैधता वाली निविदा निरस्त योग्य मानी जायेगी।

6.6 प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी निविदा प्रस्तुत किये जाने के अंतिम दिनांक एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाएं विलम्बित निविदाएं मानी जायेंगी तथा उनको खोले बिना सम्बधिंत फर्मो को लौटा दिया जायेगा।

6.7 विभाग द्वारा तकनीकी निविदा को क्रय समिति एवं निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष प्रकाशित निविदा में इंगित तकनीकी निविदा खोले जाने के दिनांक एवं समय खोला जायेगा। तकनीकी निविदा का मूल्यांकन विभाग द्वारा अधिकृत क्रय समिति द्वारा किया जायेगा जिसमें ऐसी निविदाएं जो सम्पूर्ण हो तथा अध्याय—5 में वर्णित तकनीकी अर्हताएं पूरी करती हो को तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाएं घोषित किया जायेगा। जो निविदाएं अपूर्ण हों अथवा निर्धारत तकनीकी अर्हताएं पूरी नही करती हो उन्हे अस्वीकृत घोषित कर निरस्त कर दिया जायेगा।

6.8 तकनीकी रूप से स्वीकृत निविदाओं की वित्तीय निविदा को क्रय समिति एवं तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोला जायेगा जिस हेतु दिनांक , समय एवं स्थान की सूचना तत्सम्बधिंत निविदादाता फर्मो निविदा में बताये गये पते पर दे दी जायेगी।

6.9 **निविदा लिफाफे एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने का तरीका :—**

1. निविदादाता द्वारा निविदायें दो अलग—अलग लिफाफों में प्रस्तुत की जावेगी। प्रथम लिफाफा तकनीकी बिड (प्रि—क्वालीफिकेशन) तथा दूसरा वित्तीय बिड के लिए होगा।
2. निविदादाता को निविदा सूचना में दिये गये निर्देशों के अनुसार उचित लिफाफे में निविदा प्रस्तुत करनी होगी तथा **लिफाफों के उपर तकनीकी बिड या वित्तीय बिड जो भी हो स्पष्ट रूप से उल्लेखित करना होगा।**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

3. प्रथम लिफाफे (तकनीकी बिड) में अध्याय 4 में अंकित समस्त प्रपत्र रखे जावेगे :–

i. निविदा प्रपत्र मूल्य जमा का प्रमाण (नकद रसीद की प्रति/ डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभूति निपेक्ष)

ii. अमानत (बयाना) राशि जमा का प्रमाण (डिमाण्ड ड्राफ्ट/ बैंकर चैक/ प्रतिभूति निपेक्ष/ विभाग में राशि जमा की रसीद) बयाना राशि के अभाव में निविदा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा/ राज्य सरकार से देय छूट मान्य होगी।

iii. मूल निविदा प्रपत्र, शर्तें व अनुलग्नक (प्रत्येक पेज पर निविदादाता के हस्ताक्षर हो।)

iv. Annexure 1 (कार्यो का अनुभव)

v. Annexure 2 (शपथ पत्र)

vi. Annexure 3 (चैक लिस्ट)

vii. अनुभव प्रमाण पत्र

viii. टर्न ओवर का चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) का प्रमाण पत्र की प्रति/ चार्टेड अकाउन्टेन्ट (संविदा लेखाकार) द्वारा प्रमाणित बैलेंस शीट की प्रति।

ix. पंजीयन प्रमाण पत्रों की प्रमाणित प्रतियां( श्रम विभाग, पी.एफ. विभाग,ई.एस.आई. विभाग जो भी लागु हो)

4. **दूसरे लिफाफे (नम्बर–2)** में केवल वित्तीय निविदा (बिड) होगी जिसमें निविदादाता को निर्धारित प्रपत्र में अपनी दर अंको में एवं शब्दो में स्पष्ट रूप से अंकित करनी होगी। शब्दों एवं अंको में उल्लेखित राशि में अन्तर होने पर दोनों में से जो राशि कम होगी उस पर विचार किया जावेगा।

5. तकनीकी तथा वित्तीय निविदा का प्रत्येक पृष्ठ निविदादाता के अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित तथा फर्म की मोहर लगा होना चाहिये। ऐसा कोई भी पृष्ठ जो अहस्ताक्षरित अथवा बिना फर्म की मोहर अथवा दोनों हो ,निविदा का भाग नही माना जायेगा तथा उस पर कोई विचार नही किया जायेगा।

6. उक्त दोनों लिफाफे एक मुख्य लिफाफे में रखे जाकर जमा कराया जाना चाहिये। निविदायें परियोजना अधिकारी, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर के कार्यालय में निर्धारत तिथि एवं समय तक प्रस्तुत/प्रेषित करनी होंगी। मुख्य लिफाफे के उपर **उप क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, जोधपुर में सफाई सेवामय सामग्री के वित्तिय वर्ष 2024–25 (31 मार्च 2025) की समाप्ति तक अनुबन्ध हेतु निविदा''** स्पष्ट रूप से लिखी

होनी चाहिए। निविदादाता का पता एवं फोन नम्बर इत्यादि लिफाफे पर अंकित होना चाहिये। **डाक में विलम्ब होने का कारण स्वीकार्य नहीं होगा।**

| **लिफाफा संख्या** | **लिफाफों में निम्न दस्तावेज होने चाहिये** |
|---|---|
| **लिफाफा सं.1** | **तकनीकी निविदा, लिफाफा (नम्बर–1):**<br>मूल निविदा प्रपत्र, शर्तें व अनुलग्नक (प्रत्येक पेज पर निविदादाता के हस्ताक्षर हो।) **(अध्याय–1 से अध्याय–11 तक),** निविदा प्रपत्र शुल्क व बयाना राशी जमा का प्रमाण (रसीद या डीडी), Annexure-1, 2 & 3( Check list with copies of documents) |
| **लिफाफा सं.2** | **वित्तीय निविदा लिफाफा (नम्बर–2):**<br>**अध्याय–12** |
| **मुख्य लिफाफा** | उपरोक्त दोनों लिफाफे |

मुझे/हमें इस निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न समस्त शर्तें मंजूर है।

राजस्थान सरकार

**विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग**

क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर

दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531

**e-mail : dstjodhpur@gmail.com**

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

# अध्याय 7
# अपात्रता

7 निविदाएं निम्न कारणों से अपात्र घोषित की जा सकती है :

7.1 निविदा सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एंव समय के पश्चात् प्राप्त हुई निविदाएं।

7.2 बिना निविदा मुल्य एवं बयाना राशि के जमा निविदाएं। यदि उक्त हेतु छूट चाही गयी है तो इसके लिये पात्रता साबित करने के लिए आवष्यक प्रपत्र/दस्तावेजों की स्वसत्यापित प्रतियो के बिना प्राप्त निवदायें।

7.3 अपूर्ण निविदायें।

7.4 भ्रामक अथवा गलत तथ्य/दावे प्रस्तुत करने वाली निविदायें।

7.5 खराब सेवायथा किसी अनुबन्ध को बीच में छोड़ना, खराब सेवाहेतु रिकार्ड उपलब्ध होना इत्यादि, अकारण देरी, सेवा/आदेशों की अपालना/देरी (एकाधिक बार), वित्तीय असफलता।

7.6 विभाग द्वारा चाहे गये स्पष्टीकरण को न प्रदान कर पाना/तय समय से देरी से प्रदान करना।

7.7 एक से ज्यादा निविदाएं प्रस्तुत करना। ऐसा होने पर फर्म द्वारा भरी गयी समस्त निविदाएं तकनीकी मूल्याकंन में निरस्त की जा सकेंगी।

7.8 अपूर्ण व सशर्त निविदा प्रस्तुत करना।

7.9 तकनीकी अर्हताओं का पूर्ण न कर पाना।

7.10 निविदादाता अथवा उसके किसी प्रतिनिधि का अवांछित रूप से प्रभाव डालना/डलवाना, विवाद इत्यादि करना, रिष्वत इत्यादि का प्रस्ताव करना अथवा गैर कानूनी रूप से तुष्टीकरण करना।

7.11 अल्प वैद्यता वाली निविदा प्रस्तुत करना।

7.12 यदि निविदादाता का अनुबंध समयाअवधि में व्यवहार कुशल न होना।

राजस्थान सरकार
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, सुभाष नगर, पाल रोड़, जोधपुर
दूरभाष : 0291–2785301 फैक्स : 0291–2785531
e-mail : dstjodhpur@gmail.com

परियोजना अधिकारी
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
क्षेत्रीय कार्यालय, जोधपुर

**NIT No.F40(3)/DST/RO/JU/SRSC/2024/192** **Dated- 19-06-2024**

# अध्याय 8
# निविदा का मूल्याकंन

8 निविदा का मुल्यांकन निम्नानुसार होगाः

8.1 तकनीकी निविदा, निविदा–सूचना में प्रकाशित अंतिम तिथि एवं समय तक प्राप्त होने वाली समस्त निविदाएं कय समिति एवं फर्मों के उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष तकनीकी निविदा खोलने हेतु निर्धारित तिथि एवं समय को खोली जायेगीं। उक्त तिथि/समय में परिवर्तन होने पर नवीन तिथि की सूचना प्रदान कर दी जायेगी।

8.2 तकनीकी निविदाएं खुलने के समय समस्त वित्तीय निविदाओं के लिफाफे बन्द रखते हुए निविदाओं के खुलने समय क्रय समिति के सदस्यों एवं सफल फर्मों उपस्थित प्रतिनिधियों के समक्ष खोले जायेगें।

